भारत सरकार
वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग
केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो
कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त,
'नारकोटिक्स हाऊस' राजस्व कालोनी के पास,
नीमच (म.प्र.) 458441

Government of India
Ministry of Finance, Department of Revenue
Central Bureau of Narcotics
O/o the Deputy Narcotics Commissioner,
"Narcotics House", Near Rajaswa Colony,
Neemuch (M.P.) 458 441

EPABX-07423-223030 e-mail : dnc-neemuch@cbn.nic.in

फा.सं. I(14)01/Weighment/N.D. Forms/2026- दिनांक : 03.03.2026

## :: निविदा सूचना ::

म.प्र. इकाई के अफीम तौल कार्य वर्ष 2025–26 के लिए N.D. Forms/ Registers छपवाये जाने है, जिसके लिए नीमच के स्थानीय प्रिंटर्स/आफसेट प्रिंटर्स से सारणी अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जानी है–

### ::वांछित सामग्री की सारणी::

| कं | एन. डी. नंबर | एन.डी फार्म्स का नाम | मात्रा | अभियुक्ति | कागज की मोटाई (जी.एस.एम. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | केश बुक | 11 | 50 शीट कपडा बाईन्डिंग दोनों तरफ प्रिंट एवं ग्रीन लेजर पेपर/कार्यालय के नमूने के अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 2 | 8 | वसूली बुक | 7 | 100 शीट का पैड एक तरफ प्रिन्ट कार्यालय के नमूने अनुसार डूप्लीकेट नम्बर सहित | 57 जी.एस.एम. |
| 3 | – | लाईसेंस फीस बुक | 7 | 100 शीट का पैड एक तरफ प्रिन्ट कार्यालय के नमूने अनुसार डूप्लीकेट नम्बर सहित | 57 जी.एस.एम. |
| 4 | 13 | पुलिस गार्ड रजिस्टर | 13 | एक तरफ प्रिन्ट 50 शीट कपडा बाईडिंग | 57 जी.एस.एम. |
| 5 | 20 | सैम्पल रजिस्टर | 15 | 50 शीट कपडा बाइन्डिंग एक तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 6 | 2 | प्रोग्राम फार्म | 5 | एक तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 7 | 30 | बर्तन बही/लेब रजिस्टर | 12 | 75 शीट कपडा बाइन्डिंग दोनों तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 8 | 34 | वर्गीकरण फार्म | 3500 | दोनों तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 9 | 35 | अफीम तौल रजिस्टर | 260 | 75 शीट कपडा बाइन्डिंग दोनों तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 10 | 36 | लम्बरदार गौसवारा | 12 | 50 शीट कपडा बांइन्डिंग दोनो तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 11 | 38 | चैक वेमेंट रजिस्टर | 60 | 75 शीट कपडा बाइन्डिंग दोनों तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 12 | 39 | जार टिकिट | 46000 | एक तरफ प्रिंट पोस्टकार्ड साईज कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 13 | 45 | चालान रजिस्टर | 15 | 75 शीट कपडा बाइन्डिंग दोनों तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 14 | 46 | टेस्ट स्केल रजिस्टर | 35 | 75 शीट कपडा बाइन्डिंग दोनों तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 15 | 47 | सस्पेक्टेड/आसामीवार रजिस्टर | 15 | 50 शीट दोनों तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 16 | 48 | धोई खुरचन चालान | 50 | दोनों तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार पिन बाइंडिंग | 70 जी.एस.एम. |
| 17 | 50 | अच्छी अफीम चालान | 1500 | दोनों तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार पिन बाइंडिंग | 70 जी.एस.एम. |
| 18 | 51 | सस्पेक्टेड/आसामीवार चालान | 155 | दोनो तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार पिन बाइंडिंग | 70 जी.एस.एम. |
| 19 | 54 | अफीम स्टाक रजिस्टर | 21 | एक तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 20 | 57 | इनवाइस रजिस्टर | 22 | एक तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |
| 21 | 58 | अफीम तौल भुगतान रजिस्टर | 41 | 50 शीट कपडा बाइन्डिंग एक तरफ प्रिंट कार्यालय के नमूने अनुसार | 57 जी.एस.एम. |

1 इच्छुक फर्म अपनी मुहरबंद निविदाओं के लिफाफे दिनांक 13.03.2026 प्रातः 10:00 बजे तक कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त, नीमच में प्रस्तुत कर सकते है। दिनांक 13.03.2026 प्रातः 10:00 बजे के पश्चात् प्राप्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

2 इच्छुक फर्म को अपनी निविदाएं दो प्रकार की प्रणालियों में जमा करनी होगी, जो की निर्धारित प्रोफार्मा (अनुलग्नक– I और II) में (i) तकनीकी बोली और (ii) वित्तीय बोली है।

3 तकनीकी बोलियों (Technical Bids) को केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, नीमच की मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक 13.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे खोला जाएगा और केवल उन बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां, जो की तकनीकी बोलियों में योग्य है, दिनांक 13.03.2026 को प्रातः 11:30 बजे कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त "नारकोटिक्स हाउस" राजस्व कॉलोनी, नीमच (म.प्र.) में खोली जाएंगी।

## <u>नियम व शर्ते</u>

उक्त सामग्री ओरियेन्ट पेपर पर ही छापी जानी चाहिये। क्रम संख्या 16, 17 एवं 18 हेतु ओरियेन्ट पेपर 70 GSM एवं शेष सभी सामग्री के लिए ओरियेन्ट पेपर 57 GSM का होना आवश्यक है।

2. उक्त फार्म/रजिस्टर की छपाई हेतु आफसेट/प्रिंटर्स को सीलबंद निविदा हस्ताक्षर सहित दो अलग–अलग सीलबंद लिफाफों में देनी होगी। जिसमें पहले लिफाफें पर "**अफीम तौल कार्य हेतु एन. डी. फार्म की निविदा हेतु तकनीकी बोली**" एवं दूसरे लिफाफे पर "**अफीम तौल कार्य हेतु एन.डी. फार्म की निविदा हेतु वित्तीय बोली**" लिखा हो।
3. निविदाताओं को प्रति निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में रू. 5,000/– (रूपये पांच हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो **"आहरण एवं संवितरण अधिकारी, कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त, नीमच"** के नाम पर देय हो, **वित्तीय बोली** वाले लिफाफे के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा एवं **धरोहर राशि के ड्राफ्ट की एक प्रतिलिपि (copy) तकनीकी बोली वाले लिफाफे के साथ संलग्न करना आवश्यक** होंगी।
4. यदि निविदादाता बोली में चयन होने के बाद किसी भी कारणवश कार्य करने के लिये मना करता है तो उसके द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि विभाग द्वारा जब्त कर ली जावेगी एवं दूसरी सबसे कम दर वाले निविदादाता को प्रदान कर दी जावेगी जिसके बारे में पुनः विचार नही किया जावेगा।
5. नियत दिनांक व समय पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
6. **छपाई जाने वाली सामग्री का नमूना** कार्य दिवस एवं कार्यालय समय में इस कार्यालय की **प्रशासन शाखा** में देखा जा सकता है।
7. उपरोक्त एन.डी.फार्म एवं रजिस्टरों की छपाई के उपयोग में लाये जाने वाले ओरियंट पेपर, सूची में दर्शाये अनुसार जी.एस.एम. का होना चाहिए।
8. **फार्म/रजिस्टर की क्वालिटी, कागज व छपाई उत्तम रखी जाये।**
9. एन.डी.फार्म की छपाई से पूर्व उपरोक्त दर्शाये गये प्रत्येक फार्म एवं रजिस्टर के प्रारूप के नमूने अनुसार प्रूफ इस कार्यालय में आकर प्रशासन शाखा प्रभारी से चेक कराने के पश्चात ही छपाई कार्य शुरू करें।
10. सभी फार्म एवं रजिस्टरों की छपाई नमूने अनुसार बिना गलती के स्वच्छ, साफ, सुंदर होना चाहिए।
11. सभी रजिस्टरों की जिल्द कपडे की (दोनो तरफ) होकर मजबूत होनी चाहिए।
12. निविदा सूचना में दर्शाई गई समस्त सामग्री प्रदाय आदेश मिलने के पश्चात 05 दिन के अंदर छपाई कर आवश्यक एवं अनिवार्य रूप से आपूर्ति करनी होगी।
13. उपरोक्त शर्तो के अनुसार समस्त कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर एवं प्रदाय की जाने वाली सामग्री की क्वालिटी में अंतर पाये जाने पर अथवा सामग्री की मात्रा में अंतर पाये जाने पर संपूर्ण धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी एवं उपरोक्त सामग्री के बिल में दर्शाई गई राशि के 25 प्रतिशत भाग की कटौती की जा सकती है।
14. इस संदर्भ में कोई भी कानूनी कार्यवाही नीमच न्यायालय के अधीन होगी।
15. सर्वाधिकार श्रीमान उप नारकोटिक्स आयुक्त, नीमच के पास सुरक्षित होगा। किसी भी निविदा/सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने अथवा नई निविदा आमंत्रित करने का अधिकार श्रीमान उप नारकोटिक्स आयुक्त, नीमच के पास सुरक्षित होगा।

2/3/2026

अधीक्षक (कार्यपालक)
Niranjan Guru
Superintendent (Exe.)

## तकनीकि बोली (Technical Bid)

(केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की म.प्र. इकाई में फसल वर्ष 2025–26 के तौल कार्य में प्रयोग किए जाने वाले N.D. Forms की छपाई के लिए)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | टेंडरिंग कंपनी का नाम (कंपनी के संक्षिप्त प्रोफाइल के साथ पंजीकरण का प्रमाण पत्र संलग्न करें) | |
| 2 | कंपनी के प्रोप्राइटर/निदे ाक का नाम | |
| 3 | टेलीफोन नंबर फैक्स और ई–मेल के साथ पंजीकृत कार्यालय का पूरा पता | |
| 4 | ऑपरेटिंग/भााखा कार्यालय का पूरा पता टेलीफोन नंबर फैक्स और ई–मेल के साथ | |
| 5. | FY 2024-25 (AY 2025-26) की आयकर रिर्टन (ITR) प्रति संलग्न करें। | |
| 6. | वस्तु एंव सेवा कर (GST) पंजीकरण संख्या (अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें) यदि हो तो | |
| 7. | शपथ पत्र – यह बताते हुए कि कंपनी को पिछले तीन वर्शों में केन्द्र/राज्य सरकार/पीएसयू द्वारा न तो ब्लैकलिस्ट किया गया है (प्रतिलिपि संलग्न करें) और न ही किसी भी सरकारी विभागों के साथ कोई मुकदमेबाजी लंबित है।(रु. 100 के स्टाम्प पर) | |
| 8. | धोखाधडी और भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में घोशणापत्र (निविदा दस्तावेज में दिये गए **<u>अनुलग्नक–III</u>** में विधिवत हस्ताक्षरित और प्रमाणित) | |
| 9. | निविदा दस्तावेज निश्पादित करने के लिए फर्म द्वारा किसी व्यक्ति का प्राधिकरण (authorisation) | |

तारीख –

स्थान – अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर मय सील

अनुलग्नक–II

## वित्तीय बोली (Financial Bid)

(केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की म.प्र. इकाई में फसल वर्ष 2025–26 के तौल कार्य में प्रयोग किए जाने वाले N.D. Forms की छपाई के लिए)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बोलीदाता फर्म का नाम | |
| 2 | पता (टेलिफोन नम्बर एवं फैक्स नम्बर के साथ) | |
| 3 | प्रोप्राईटर / निदेशक / भागीदार का नाम व पता (मोबाईल नम्बर सहित) | |
| 4 | अनुलग्नक–IV के अनुसार सभी एन.डी फामर्स की दरो का योग (रूपयों में) **( अनुलग्नक–IV में प्रस्तुत कर संलग्न भी करें।)** | |
| 5 | जी.एस.टी. | |
| | **कुल राशि (उपरोक्त 4+5)** | |

तारीख –

स्थान – अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर मय सील

## धोखाधडी और भ्रष्ट आचार के बारे में घोषणा

मैं/हम यह प्रमाणित करता हूं/करते हैं कि पिछले तीन वर्शों में, मैं/हम न तो किसी अनुबंध के अनुपालन में असमर्थ रहा/रहे हैं और न ही मैं/हम पर किसी मध्यस्थ अथवा न्यायिक अधिकारी द्वारा कोई जुर्माना लगाया गया है और न ही किसी भी परियोजना या अनुबंध के मेरे/हमारे भाग पर उल्लंघन के सम्बन्ध में किसी सार्वजनिक प्राधिकरण से निश्कासित किया गया है।

(क) मैं/हम किसी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से या किसी प्रतिनिधि एजेन्ट के माध्यम से किसी भ्रश्ट व्यवहार, धोखाधडी, बलपूर्वक, अवांछनीय कृत्य या प्रतिबंधकारक कार्य में लिप्त नहीं हैं जो कि किसी भी निविदा या प्राधिकरण या किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम या किसी भी सरकार, केंद्रीय या राज्य के साथ दर्ज किए गए प्रस्ताव या किसी समझौते के संबंध में हो; तथा

(ख) मैने/हमने यह सुनिि चत करने के लिए कदम उठाए हैं कि मेरी/हमारी तरफ से कोई भी व्यक्ति कोई भी गलत कार्रवाई नहीं करेगा या किसी भी भ्रश्ट व्यवहार, धोखाधडी, बलपूर्वक, अवांछनीय कृत्य या प्रतिबंधात्मक कार्य में लिप्त नहीं रहेगा।

मैं/हम यह प्रमाणित करते हैं कि हम या हमारे किसी भी एसोसिएटस को किसी न्यायालय (Court of Law) द्वारा दोशी नहीं ठहराया गया है या न ही किसी नियामक प्राधिकरण द्वारा इस सम्बन्ध में सूचित किया गया है या प्रतिकूल आदेश दिये गए हैं, जो अनुबन्ध (Project) को भुारू करने के लिए हमारी क्षमता पर संदेह करता है या जो एक गंभीर अपराध से संबंधित होता है जो समाज की नैतिकता को प्रभावित करता हो।

मैं/हम आगे प्रमाणित करते हैं कि देश की सुरक्षा और अखंडता से संबंधित मामलों के संबंध में, सरकार की किसी भी एजेंसी द्वारा हम पर न ही कोई आरोप पत्र जारी किया गया है अथवा विधि न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है।

मैं/हम आगे यह भी प्रमाणित करते हैं कि नियामक प्राधिकरण (Regulatory Authority) द्वारा कोई जांच हमारे या हमारे सीईओ या हमारे निदे ाकों/प्रबंधकों/कर्मचारियों के खिलाफ लंबित नहीं है।

तारीख –

स्थान – अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर मय सील

अनुलग्नक–IV

| क्र. | एन.डी.नंबर | एन.डी फार्म्स का नाम | मात्रा | दर प्रतिनग | कुल दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | केश बुक | 11 | | |
| 2 | 8 | वसूली बुक | 7 | | |
| 3 | — | लाईसेंस फीस बुक | 7 | | |
| 4 | 13 | पुलिस गार्ड रजिस्टर | 13 | | |
| 5 | 20 | सैम्पल रजिस्टर | 15 | | |
| 6 | 21 | प्रोग्राम फार्म | 5 | | |
| 7 | 30 | बर्तन बही/लेब रजिस्टर | 12 | | |
| 8 | 34 | वर्गीकरण फार्म | 3500 | | |
| 9 | 35 | अफीम तौल रजिस्टर | 260 | | |
| 10 | 36 | लम्बरदार गौसवारा | 12 | | |
| 11 | 38 | चैक वेमेंट रजिस्टर | 60 | | |
| 12 | 39 | जार टिकिट | 46000 | | |
| 13 | 45 | चालान रजिस्टर | 15 | | |
| 14 | 46 | टेस्ट स्केल रजिस्टर | 35 | | |
| 15 | 47 | सस्पेक्टेड/आसामीवार रजिस्टर | 15 | | |
| 16 | 48 | धोई खुरचन चालान | 50 | | |
| 17 | 50 | अच्छी अफीम चालान | 1500 | | |
| 18 | 51 | सस्पेक्टेड/आसामीवार चालान | 155 | | |
| 19 | 54 | अफीम स्टाक रजिस्टर | 21 | | |
| 20 | 57 | इनवाइस रजिस्टर | 22 | | |
| 21 | 58 | अफीम तौल भुगतान रजिस्टर | 41 | | |
| | | | | कुल योगः | |

तारीख –

स्थान –

अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर मय सील